# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## A Two-day exhibition of Swadeshi Products

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 24-12-2021**

# स्वदेशी अपनाने से होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार : कुलपति




**महेंद्रगढ़** | हकेवि, महेंद्रगढ़ में वीरवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ, नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत हुई। शुभारंभ कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। विवि के इनोवेशन एण्ड इन्कयूबेशन प्रकोष्ठ के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों व शैक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम का भाव विकसित होगा। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए जमीनी स्तर पर समय-समय पर इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। प्रकोष्ठ संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि ये बेहद उपयोगी, इकोफ्रेंडली व स्वदेशी उत्पाद हैं। खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया। कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, डॉ. पवन कुमार मौर्य, डॉ. अनूप यादव, सुनील अग्रवाल भी प्रदर्शनी में उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 24-12-2021**

## हकेवि में स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी शुरू

महेन्द्रगढ़,23 दिसंबर (निस)

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में बृहस्पतिवार से जिला खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत की गई। प्रदर्शनी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में कुलपति ने कहा कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम का भाव विकसित होगा। इस मौके पर उपस्थित प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पादों के विषय में जानकारी दी। यहां जिला खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, डॉ. पवन कुमार मौर्य, डॉ. अनूप यादव, सुनील अग्रवाल उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 24-12-2021**

# स्वदेशी प्रेम से होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार: प्रो. टंकेश्वर कुमार

महेंद्रगढ़, 23 दिसम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में बृहस्पतिवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ, नारनौल के सहयोग से 2 दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत हो गई। प्रदर्शनी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया।

विश्वविद्यालय के इनोवेशन एडं एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम का भाव विकसित होगा। कुलपति ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए जमीनी स्तर पर समय-समय पर इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं।



*प्रो. सुनीता श्रीवास्तव का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते प्रो. टंकेश्वर कुमार व बलवंत शर्मा।*

कुलपति ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के नारे व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

इस मौके पर उपस्थित इनोवेशन एंड एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पादों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह बेहद उपयोगी, ईको फ्रैंडली व स्वदेशी उत्पाद हैं।

उन्होंने बताया कि प्रकोष्ठ के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास जारी हैं, जिसमें नए आइडिया के विकास से लेकर उनके क्रियान्वयन तक की दिशा में कोशिशें की जा रही हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित इस 2 दिवसीय प्रदर्शनी के संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से खादी के उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक पहुंचा पाना संभव हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित इनोवेशन एंड एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ के सदस्य डा. पवन कुमार मौर्य, डा. अनूप यादव, सुनील अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 24-12-2021**


# वोकल फार लोकल के लिए कर रहे प्रयास

## हकेंविवि में प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरुआत हो गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। प्रदर्शनी के संबंध में कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम का भाव विकसित होगा।

आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए जमीनी स्तर पर समय-समय पर इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। कुलपति ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फार लोकल के नारे व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में उल्लेख प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित इनोवेशन एंड एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित उत्पादों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह बेहद उपयोगी, इको फ्रेंडली व स्वदेशी उत्पाद हैं। प्रकोष्ठ के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास जारी है।

जिसमें नए आइडिया के विकास से लेकर उनके क्रियान्वयन तक की दिशा में कोशिशें की जा रही हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्ता संघ के सचिव बलवंत शर्मा ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से खादी के उत्पादों को विश्वविद्यालय के विभिन्न सहभागियों तक पहुंचा पाना संभव हुआ है। इस अवसर पर विवि की कुलसचिव प्रो. सारिका सहित इनोवेशन एंड एन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ के सदस्य डा. पवन, डा. अनूप, सुनील उपस्थित रहे।

## आजादी की लड़ाई में स्वामी श्रद्धानंद का अहम योगदान है : प्रो. टंकेश्वर कुमार



स्वामी श्रद्धानंद की पुण्यतिथि पर आयोजित हवन मे आहुति देते हकेंविवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार( बाएं से दूसरे) ● साभार हकेंविवि

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता सेनानी व भारत में गुरुकुल परंपरा के पोषक स्वामी श्रद्धानंद की पुण्यतिथि पर यज्ञ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के प्रयासों से योग व संस्कृत विभाग के सहयोग से आयोजित इस यज्ञ में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा सहित शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कुलपति ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया और कहा कि आजादी की लड़ाई में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है।

कुलपति ने देश में गुरुकुल परंपरा की दोबारा स्थापना करने वाले स्वामी श्रद्धानंद को नमन किया और विद्यार्थियों को उनके जीवन से सीख लेते हुए देश प्रेम का भाव विकसित करने के लिए प्रेरित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणवीर सिंह ने बताया कि किस तरह से स्वामी श्रद्धानंद ने 1902 में गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना कर भारत में गुरुकुल परंपरा की दोबारा शुरुआत की थी। स्वामी के आजादी की लड़ाई में योगदान से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। यज्ञ में विभागीय शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और शोधार्थी भी सम्मिलित हुए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 24-12-2021**

## स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरूवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत की गई।